# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक:शिविरा/माध्य/लेखा/डी–2/28011/18–19/ दिनांक : 11.09.2018

## बैठक कार्यवाही विवरण

शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर के आदेश क्रमांक प.1(7) शिक्षा–1/2009/पार्ट–V दिनांक 14.03.2018 के द्वारा जारी निर्देशों की पालना में वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु राजकीय विद्यालयों की कक्षा–09 में प्रवेश लेने वाली समस्त छात्राओं को निःशुल्क वितरण हेतु मूल मांग के अतिरिक्त साईकिल क्रय करने हेतुं निदेशक महोदय की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय क्रय समिति की बैठक दिनांक 11.09.2018 को प्रातः 11.00 बजे माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर में आयोजित की गई। बैठक में निम्नानुसार अधिकारी निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हुए।

| क्र.सं. | अधिकारी का नाम व पद | कार्यालय का नाम | मोबाइल न0 |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री ब्रहमदत्त शर्मा, वित्तीय सलाहकार, कार्यालय हाजा | निदेशक माध्यमिक शिक्षा, कार्यालय हाजा | 9001594610 |
| 2 | श्री कमलेश आबुसरिया, शासन उपसचिव,शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, जयपुर | शासन सचिवालय, जयपुर | 7665501144 |
| 3 | श्री बलवान सिंह, संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी, प्रतिनिधि निदेशक संस्कृत शिक्षा, जयपुर | संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी, कार्यालय, बीकानेर संभाग, चूरू | 9414837827 |
| 4 | श्री लुभाष राठौड़, प्रतिनिधि, निदेशक, (प्रशिक्षण) तकनीकी शिक्षा, राजस्थान, जोधपुर। | उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, तकनीकी शिक्षा बीकानेर | 9829194960 |
| 5 | श्री मधुसूदन गौड़,वरिष्ठ प्रवक्ता प्रतिनिधि, निदेशक, तकनीकी शिक्षा,राज0, जोधपुर | राजकीय पोलोटेक्निक महाविद्यालय, बीकानेर | 9414603998 |
| 6 | श्रीमती देवलता उप निदेशक (योजना) | निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, कार्यालय हाजा | 9461536964 |

इस कार्यालय के पत्रांक क्रमांक:शिविरा/माध्य/लेखा/डी–2/28011/18–19 दिनांक 25.05.2018 द्वारा फर्म विशाल साईकिल प्राईवेट लि0, लुधियाना (पंजाब) एवं सेठ इन्डस्ट्रीयल कॉरपोरेशन लुधियाना (पंजाब) को क्रमशः 1,91,090 एवं 1,27,560 अर्थात् कुल 3,18,650 साइकिलों की आपूर्ति हेतु शिक्षण सत्र 2017–18 के नामांकन के आधार पर आदेश दिये गये थे । उक्त साईकिलों की आपूर्ति दोनों फर्मो से प्राप्त हो चुकी है । जिला शिक्षा अधिकारियों ने शिक्षण सत्र 2018–19 में कक्षा–9 में प्रवेश करने वाली छात्राओं के नामांकन के आधार पर अतिरिक्त साईकिलों की मांग की गई है । पूर्व वर्षो का यह अनुभव रहा है कि प्रति वर्ष फर्म से आपूर्ति ली जाने वाली शत प्रतिशत साईकिलों का वितरण नहीं होता है । शिक्षण सत्र 2017–18 में 3468 साईकिलें वितरण करने के पश्चात् शेष रही है। अतः राज्य स्तरीय क्रय समिति ने इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारियों की 56199 साईकिलों की मांग के विरूद्ध 53000 साईकिलें क्रय करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया ।

अतः निविदा प्रलेख के प्रावधानो के अन्तर्गत अतिरिक्त क्रय की जाने वाली साईकिलो का आपूर्ति जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधीन नोडल केन्द्रो पर ही लिये जाने का प्रावधान है । लेकिन साईकिलों की अतिरिक्त मांग कई नोडल केन्द्रो पर 100 से भी कम साईकिलों की मांग रही है । दोनो फर्मो ने साईकिलो की मांग प्रत्येक नोडल केन्द्र पर 1000

....2.

11.9.18

होने पर ही उक्त नोडल केन्द्र पर आपूर्ति करने का निवेदन किया है । अतः राज्य स्तरीय क्रय समिति ने जिन नोडल केन्द्रो पर साईकिलों की मांग 100 से कम होने पर उसकी आपूर्ति निकटतम नोडल केन्द्र पर नोडल केन्द्रो में एक दूसरे से दूरी 50 किलोमीटर से अधिक नहीं होने के आधार पर आपूर्ति प्राप्त करने का राज्य स्तरीय क्रय समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है ।

इस कार्यालय के आदेश क्रमांकःशिविरा/माध्य/लेखा/डी–2/28011/18–19 दिनांक 25.05.2018 द्वारा फर्म विशाल साईकिल प्राईवेट लि0, लुधियाना (पंजाब) एवं सेठ इन्डस्ट्रीयल कॉरपोरेशन लुधियाना (पंजाब) को क्रमशः 1,91,090 एवं 1,27,560 साइकिलों की आपूर्ति हेतु क्रमशः 15 एवं 27 जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयो को साइकिलों की आपूर्ति हेतु आदेश दिये गये थे । जिला शिक्षा अधिकारियों से 53000 साईकिलों की अतिरिक्त मांग का क्रय आदेश फर्म विशाल साईकिल प्राईवेट लि0, लुधियाना (पंजाब) एवं सेठ इन्डस्ट्रीयल कॉरपोरेशन लुधियाना (पंजाब) को पूर्व आदेश अनुसार क्रमशः 15 एवं 27 जिला शिक्षा अधिकारियों के यहां आपूर्ति देने का निर्णय राज्य स्तरीय क्रय समिति द्वारा लिया गया ।

निविदा प्रलेख के प्रावधानो के अन्तर्गत अतिरिक्त क्रय की जाने वाली साईकिलों का आपूर्ति समय निविदा प्रलेख के सेक्शन–9 के बिन्दू संख्या 23 डी के अनुसार 30 दिवस निर्धारित करने का राज्य स्तरीय क्रय समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया ।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उपनिदेशक (योजना) सदस्य–सचिव माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान–बीकानेर | वित्तीय सलाहकार (सदस्य) माध्यमिक शिक्षा, राज0बीकानेर | प्रतिनिधि निदेशक (प्रशिक्षण) तकनीकी शिक्षा राज0–जोधपुर | प्रतिनिधि निदेशक संस्कृत शिक्षा,राजस्थान जयपुर | वरिष्ठ प्रवक्ता प्रतिनिधि निदेशक, तकनीकी शिक्षा,जोधपुर | शासन उपसचिव शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, जयपुर | अध्यक्ष, निदेशक, माध्यमिकशिक्षा राज0–बीकानेर |

दिनांकः 11.09.2018

क्रमांकः—शिविरा / माध्य / लेखा / डी—2 / 28011 / 18—19 /

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. उप शासन सचिव, माध्यमिक शिक्षा (ग्रुप—2) विभाग,शासन सचिवालय,राजस्थान, जयपुर
2. निदेशक, प्रशिक्षण तकनीकी शिक्षा, राजस्थान, जोधपुर
3. निदेशक, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
4. श्री लुभाष राठौड़, उप निदेशक, तकनीकी शिक्षा, बीकानेर (प्रतिनिधि निदेशक प्रशिक्षण तकनीकी शिक्षा, राजस्थान, जोधपुर)
5. श्री बलवान सिंह, संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी,बीकानेर संभाग, जिला—चूरू,( प्रतिनिधि निदेशक संस्कृत शिक्षा, जयपुर)
6. श्री मधुसूदन गौड़,वरिष्ठ प्रवक्ता, राजकीय पोलोटेक्निक महाविद्यालय, बीकानेर,प्रतिनिधि, निदेशक, तकनीकी शिक्षा,राज0, जोधपुर
7. उप निदेशक, योजना, माध्यमिक शिक्षा, कार्यालय हाजा
8. स्टाफ ऑफिसर, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर
9. निजी सचिव, वित्तीय सलाहकार, कार्यालय हाजा
10. कम्प्यूटर अनुभाग को निर्देशित किया जाता है कि उक्त आदेश को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करें ।

वित्तीय सलाहकार
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर